# भर्ती हेतु सूचना
## परामर्शदाता– सामुदायिक प्रक्रियाएं/व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है। एनएचएसआरसी पूर्णतः संविदा आधार पर अपने सामुदायिक प्रक्रियाएं/व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाग प्रभाग के लिए परामर्शदाताओं की भर्ती करने का इच्छुक है।

यदि आप सबके लिए समान एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो आपके लिए यहां, भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को एक स्वरूप प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध टीम के साथ कार्य करने का एक अनूठा अवसर है। यह पद आपको राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर कार्यान्वयन सहायता के माध्यम से सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम लाने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। एनएचएसआरसी की विविध क्षेत्र की टीमों के साथ कार्य करते हुए आप, सेवा प्रदायगी प्रणालियों, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य सेवाओं के वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता, जन स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने से संबंधित विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकते हैं, उन्हें अपने अनकूल बना सकते हैं, उनका सह–निर्माण और परीक्षण कर सकते हैं।

यह, एक पैमाने पर स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने में सहयोग प्रदान करने, जिला एवं उप जिला कार्यान्वयन से सीख लेने, जानकारी को मूर्त रूप देने और सबके लिए स्वास्थ्य की संकल्पना को साकार करने का एक अवसर है।

भूमिकाएं एवं दायित्वः

सामुदायिक प्रक्रियाओं (सीपी) और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपीएचसी) कार्यक्रम के कार्यान्वयन में आबंटित चयनित राज्यों को प्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करना। प्रमुख कार्यों में शामिल हैं:

- राज्यों को राष्ट्रीय और राज्य स्तरों पर आवश्यकतानुसार सामुदायिक प्रक्रिया (सीपी) कार्यक्रमों और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपीएचसी) सेवाओं के कार्यान्वयन लिए सहयोग प्रदान करना।
- नीति के अनुसार कार्यक्रम बनाकर, विविध संदर्भों के अनुसार उन्हें अनुकूलित कर स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र की सभी सेवाओं को आरंभ करने में राज्यों को सहयोग प्रदान करना।
- जिला एवं राज्य स्तर के प्रशिक्षण स्थलों/कार्यक्रम अध्ययन केंद्रों/आशा प्रमाणन प्रक्रिया के सुदृढ़ीकरण में सहयोग प्रदान करना।
- एचडब्ल्यूसी के संचालन और असंचारी रोगों (एनसीडी) की व्यापक जांच आरंभ करने सहित व्यापक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के कार्यान्वयन हेतु राज्यों को सहयोग प्रदान करना।
- मध्य स्तर के स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए सेतु पाठ्यक्रम और आशा प्रमाणन प्रक्रिया के विस्तार की योजना बनाने में राज्यों की सहायता करना।
- प्रशिक्षण, कार्य–निष्पादन की निगरानी, और स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र एवं आशा, वीएचएसएनसी/एमएएस टीमों में सुधार करने के लिए सहयोगी ढांचों को सुदृढ़ करने के लिए राज्य और जिला स्तरों पर सहायता, फील्ड आधारित सहयोग प्रदान करना।

- विस्तार के लिए सीपी/सीपीएचसी में राज्य एवं जिला स्तरीय नवाचार का मूल्यांकन एवं दस्तावेजीकरण करना।
- सीपीएचसी सेवाओं की प्रदायगी में सहयोग हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा टीम और सीपीएचसी/सीपी के योजना निर्माण एवं निगरानी में सहयोग हेतु ऑनलाइन पोर्टल के लिए सूचना प्रौद्यागिकी साधनों (आईटी टूल्स) की विकास प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करना।
- जन भागीदारी के लिए गठित मंचों– ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों (वीएचएसएनसी), महिला आरोग्य समितियों (एमएएस), और रोगी कल्याण समितियों (आरकेएस) के अंतर्क्षेत्रीय सम्मिलन सहित प्रशिक्षण के कार्यान्वयन और पर्यवेक्षण सहयोग में राज्यों को सहयोग प्रदान करना।
- राज्यों में कार्यक्रम कार्यान्वयन की समीक्षा करने के लिए समय–समय पर राज्यों और जिलों के फील्ड दौरे करना, कार्यान्वियन चुनौतियों की पहचान करना और उचित समाधान तैयार करने में राज्यों का सहयोग करना या राज्य/जिला स्तर पर सीपी/सीपीएचसी पर तकनीकी सहायता के लिए उपयुक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य/अनुसंधान/शैक्षिक/ तकनीकी/सहायता संस्थानों के साथ संपर्क स्थापित करना।
- कार्यक्रम संबंधी संचालन दिशा–निर्देश; तकनीकी और नीतिगत जानकारी, प्रशिक्षण सामग्री, रिपोर्टें, प्रकरण अध्ययन (केस स्टडी), निगरानी जांच सूचियों/प्रोटोकॉल इत्यादि के लेखन में योगदान करना।
- सीपी और सीपीएचसी कार्यक्रमों के डिजाइन में सुधार के लिए परिचालन अनुसंधान और प्रभाव मूल्यांकन कार्य आरंभ करने में सहयोग प्रदान करना।
- सलाहकार, सामुदायिक प्रक्रियाएं द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

योग्यताएं और अनुभवः

*अनिवार्यः*

- जन स्वास्थ्य/महामारी विज्ञान/आईटी/संचार में स्नातकोत्तर उपाधि या डिप्लोमा सहित एमबीबीएस/ बीडीएस/आयुष उपाधि धारक।
- सामुदायिक स्वास्थ्य सहित स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में योग्यता उपरांत न्यूनतम 3 वर्षों का कार्य अनुभव।
- सरकार, गैर–सरकारी संगठनों या क्षेत्रीय संसाधन केंद्रों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी कार्यक्रमों के प्रत्यक्ष कार्यान्वयन का अनुभव।
- अभिलेखन, डेटा विश्लेषण, और प्रशिक्षण के क्षेत्र में से किसी एक या सभी में अनुभव।
- उत्कृष्ट संप्रेषण तथा प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक क्षमताएं।
- अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल।

*वांछनीयः*

- हिंदी/अन्य प्रमुख क्षेत्रीय भाषा का कार्यसाधक ज्ञान।
- विविध प्रकार के टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- एनजीओ के नेतृत्व वाले प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल/सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता कार्यक्रमों/राज्य स्तरीय जन स्वास्थ्य कार्यक्रमों में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।

उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशित कार्य या विशिष्ट सुसंगत कार्य अनुभव होने पर औपचारिक शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः अधिकतम 40 वर्ष (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को)।

**महिला अभ्यर्थियों के लिए 5 वर्ष तक की ढील दी जा सकती है।*

कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार राज्यों एवं जिलों की यात्रा करने का इच्छुक

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 44,000/– रु. से 99,000/– रु. के बीच

**योग्यता एवं अनुभव के आधार पर पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाएगा।*

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **13th February 2020** तक **recruitment.cp.nhsrc@gmail.com** पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।